कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक 03.02.2025

विषयः-"ऑपरेशन चक्रव्यूह" के तहत चेकिंग के दौरान02 नफर शातिर बैट्री चोर थाना लंका पुलिस द्वारा गिरफ्तार कब्जे से चोरी की कुल 04 अदद बैट्री (ई-रिक्शा की) व एक अदद चोरी की मोटरसाइकिल बरामद।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा कमिश्नरेट में चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने एवं अपराधियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही किये जाने हेतु दिए गए आदेशों के अनुपालन में पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में व अपर पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी एवं सहायक पुलिस आयुक्त भेलूपुर के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी लंका के कुशल नेतृत्व में दिनांक 03.02.2025 को लौटूबीर अण्डरपास के पास से 02 नफर अभियुक्तगण 1. रितेश सिंह पुत्र रमेश सिंह निवासी ग्राम शेखवा थाना अहरौरा जनपद मिर्ज़ापुर हाल पता मलहिया थाना लंका वाराणसी उम्र करीब 21 वर्ष, 2. शुभम पांडेय पुत्र रविन्द्र पाण्डेय निवासी ग्राम टोडा थाना दिनारा जनपद रोहतास बिहार हाल पता मारुति नगर कालोनी सामने घाट थाना लंका कमि0 वाराणसी उम्र करीब 19 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना विवरणः-

दिनांक 03.02.2025 को मुखबिर खास की सूचना के क्रम में थाना स्थानीय पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान बाइकसवार दो संदिग्ध नव-युवकों को रोक कर पूछताछ की गयी पूछताछ एवं जांच के दौरान उपयोग में लायी जा रही मोटरसाइकिल चोरी की पायी गयी एवं पकड़े गए दोनों युवकों की निशांदेही पर ई-रिक्शा की कुल 04 अदद चोरी की बैट्रियां बरामद हुयी।

पूछताछ विवरण-

अभियुक्तगण पूछताछ में बता रहे हैं कि हम दोनों ने मिलकर गंगापुरम कालोनी से कुल 06 अदद बैट्री चोरी किया था जिनमें से 02 बैट्री राह चलते कबाड़ी को बेच दिया एवं शेष बैट्रियों को बेचने हेतु ग्राहक तलाश कर रहे थे कि आप लोगों ने पकड़ लिया। बाइक के बारे में पूछने पर बताये कि यह बाइक हमलोगों नें जनवरी महीने में मदरवां से चुराई थी। हमसे गलती हो गयी, हमें माफ करें।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम-पता-

1. रितेश सिंह पुत्र रमेश सिंह निवासी ग्राम शेखवा थाना अहरौरा जनपद मिर्ज़ापुर हाल पता मलहिया थाना लंका वाराणसी उम्र करीब 21 वर्ष

2. शुभम पांडेय पुत्र रविन्द्र पाण्डेय निवासी ग्राम टोडा थाना दिनारा जनपद रोहतास बिहार हाल पता मारुति नगर कालोनी सामने घाट थाना लंका कमि0 वाराणसी उम्र करीब 19 वर्ष

गिरफ्तारी का दिनांक व स्थान- दिनांक गिरफ्तारी 03.02.2025 को लौटूबीर अण्डरपास के पास, थाना क्षेत्र लंका, कमि0 वाराणसी।

विवरण बरामदगी-

अभियुक्तगण के कब्जे से

1. चोरी की 04 अदद बैट्री (इ-रिक्शा) की बरामद ।

2. चोरी की एक अदद मोटरसाइकिल स्प्लेंडर वाहन संख्या UP 52 AM 0216 सम्बन्धित मु0अ0सं0 26/25 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना लंका, कमि0 वाराणसी बरामद ।

3. अभियुक्तगण के कब्जे से कुल 920 रुपये (रितेश के पास से 520 रुपये व शुभम के पास से 400 रुपये) माल मुकदमाती बरामद ।

पंजीकृत अभियोगों का विवरण -

1. मु0अ0सं0 0039/2025 धारा 317(2) बी0एन0एस0 व 35 बी0एन0एस0एस0 थाना लंका, कमि0 वाराणसी।
2. मु0अ0सं0 26/25 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना लंका, कमि0 वाराणसी ।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम

1. उ0नि0 श्री शिवाकर मिश्र, चौकी प्रभारी नगवा, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 श्री अपराजित सिंह चौहान, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
3. आरक्षी सत्यम तिवारी, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
4. आरक्षी उमेश कुमार गुप्ता, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
5. आरक्षी 2537 अमित शुक्ला, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
6. आरक्षी 1643 सूरज सिंह, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
7. आरक्षी 3164 कृष्णकांत पाण्डेय, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
8. आरक्षी 2513 पवन कुमार, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त, कार्यालय
जोन-काशी कमिश्नरेट वाराणसी